**भारत सरकार**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय**
**भारी उद्योग विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1453**
**जिसका उत्तर सोमवार, 21 जुलाई, 2014 को दिया जाना है**

## एचसीएल का अधिग्रहण

**1453. श्री चामाकुरा मल्ला रेड्डी:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड (एचसीएल) की सभी इकाइयों के अधिग्रहण के लिए आयुध निर्माणी बोर्ड से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस अधिग्रहण प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री पोन्. राधाकृष्णन)**

**(क):** जी, हां। रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय ने हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड का अधिग्रहण आयुध निर्माणी बोर्ड द्वारा किए जाने के संबंध में अपना "सैद्धान्तिक" अनुमोदन दे दिया है।

**(ख) और (ग):** "सैद्धान्तिक" अनुमोदन के आधार पर एक व्यापक बीआरपीएसई नोट, जिसमें विभिन्न स्टेकहोल्डर मंत्रालयों के विचारों को ध्यान में रखा गया है, को बीआरपीएसई (लोक उद्यम पुनर्गठन बोर्ड) के विचारार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है।

*****